कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

द्वितीय तल, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–800015

दूरभाष :– 0612–2215895, वेबसाइट– krishi.bih.nic.in ई–मेल– diragri-bih@nic.in, diragri.bih@gmail.com

पत्र संख्या– उ0–15/आ0–03/2018 – 528 कृ0, पटना, दिनांक -25.9.2020

प्रेषक,

कृषि निदेशक,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला कृषि पदाधिकारी, बिहार।

विषय :– विभिन्न कम्पनियों के थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक के परिचालन(ढुलाई) में लगे गाड़ियों को चुनाव कार्य से मुक्त कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार विधान सभा चुनाव के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। विदित है कि चुनाव कार्य सम्पन्न कराने हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अधिग्रहण किया जाता है। ऐसी संभावना है कि उर्वरक के ढुलाई में लगे गाड़ियों को भी चुनाव कार्य हेतु अधिग्रहण किया जाय। कृषि उत्पादन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि किसानों को ससमय आवश्यकतानुसार उर्वरक मिले। इसके लिए उर्वरक के ढुलाई में लगे गाड़ियों को चुनाव कार्य से मुक्त रखने की आवश्यकता है।

उक्त के आलोक में निदेश है कि जिला में स्थित स्थानीय थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं से उर्वरक के ढुलाई में लगे गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नं0 लेकर स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संबंधित गाड़ियों को चुनाव कार्य से मुक्त कराने की आवश्यक कारवाई किया जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–

कृषि निदेशक, बिहार, पटना।

ज्ञापांक – 528 कृ0, पटना, दिनांक 25.9.2020

प्रतिलिपिः– सभी उर्वरक विपणनकर्त्ता/विनिर्माता कंपनियों को सूचनार्थ एवं निदेश है कि अपने थोक विक्रेताओं को उनके जिले के जिला कृषि पदाधिकारियों को उर्वरक की ढुलाई में लगे गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नं0 उपलब्ध कराने हेतु निदेश देना चाहेंगे।

25.09.2020

कृषि निदेशक, बिहार, पटना।